**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**J 0 9 1 0**

Time : 2 $^1/_2$ hours] **PAPER-III** [Maximum Marks : **200**

# EDUCATION

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

## EDUCATION
## शिक्षा

## PAPER – III
## प्रश्नपत्र – III

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

## SECTION – I
## खंड – I

**Note :** This section consists of **two** essay type questions of **twenty (20)** marks each, to be answered in about **five hundred (500)** words on any of the topics indicated.

**(2 × 20 = 40 marks)**

**नोट :** इस खंड में **बीस-बीस (20)** अंकों के दो निबन्धात्मक प्रश्न हैं, जिनके उत्तर दिए गए विषयों में से एक को चुनकर देने हैं ।

**(2 × 20 = 40 अंक)**

1. Give a brief account of development of Higher Education in India since independence and discuss some emerging issues and challenges.
आजादी के बाद भारत में उच्च शिक्षा के विकास का संक्षिप्त ब्यौरा दीजिए तथा कुछ उभरते हुए मुद्दे तथा चुनौतियों की चर्चा कीजिए ।

**OR / अथवा**

Describe some of the drawbacks of Current Teacher Education Programmes in India and suggest measures for improvement.
भारत में वर्तमान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कुछ कमियों का वर्णन कीजिए तथा उनमें सुधार के लिए उपाय सुझाइये ।

2. What are the various ways of providing cross-border educational facilities ? Explore what India can do in this regard.
सीमा पार शिक्षा प्रदान करने की सुविधायें पैदा करने की विभिन्न विधियाँ क्या हैं ? इस सन्दर्भ में भारत क्या कर सकता है, इस पर प्रकाश डालिए ।

**OR / अथवा**

What are the important apex bodies related to school education in India ? Examine critically their role in development of school education and maintenance of its standards.
भारत में विद्यालयी शिक्षा से सम्बन्धित उच्च संस्थायें कौन-कौन सी हैं ? विद्यालयी शिक्षा के विकास तथा उसके मानकों को सुनिश्चित करने में उनकी भूमिका की विवेचना कीजिए ।

## SECTION – II
## खंड – II

**Note :** This section consists of **three (3)** questions from each of the electives/specializations. Choose only one elective/specialization and answer all the three questions from it. Each question carries **fifteen (15)** marks and is to be answered in about **three hundred (300)** words. (Questions **3** to **5**) **(3 × 15 = 45 marks)**

**नोट :** इस खंड में ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता से **तीन (3)** प्रश्न हैं । इनमें से केवल एक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता को चुनिए एवं उसमें से सभी **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न **पन्द्रह (15)** अंकों का है एवं उसका उत्तर **तीन सौ (300)** शब्दों में अपेक्षित है । (प्रश्न **3** से **5**) **(3 × 15 = 45 अंक)**

### Elective – I
### Educational Administration and Management
### विकल्प – I
### शैक्षिक प्रशासन एवं प्रबन्धन

3. Describe the L.B.D.Q. How can it be used to appraise the Head of an Educational Institution ?
L.B.D.Q. की व्याख्या कीजिए । किसी शैक्षिक संस्था के मुखिया के मूल्यांकन में इसका किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है ?

4. Furnish a detailed account of perspective planning in Education with reference to different time frames – annual, biennial, rolling, quinquennial, etc.
विभिन्न समय-सारिणी – वार्षिक, अर्धवार्षिक, निरन्तर तथा पंच-वार्षिक के सन्दर्भ में शिक्षा के परिप्रेक्ष्य नियोजन का विस्तृत वर्णन कीजिए ।

5. Discuss the Decision-Making Processes in Educational Institutions. What kind of decisions enlist the support of staff ?
शैक्षिक संस्थाओं में निर्णय लेने की प्रक्रिया की चर्चा कीजिए । किस प्रकार के निर्णय लेने में स्टाफ का समर्थन चाहिए ?

**OR / अथवा**

**Elective – II**

**Educational Measurement and Evaluation**

**विकल्प – II**

**शैक्षिक मापन तथा मूल्यांकन**

3. What does the term 'validity' stand for ? Explain various types of validity that a test can have.
'वैधता' का अर्थ क्या है ? विभिन्न प्रकार की वैधता की व्याख्या कीजिए ।

4. Explain semester system with regard to its need, advantages and limitations.
सेमेस्टर प्रणाली का उसकी आवश्यकता, लाभ तथा सीमाओं के सन्दर्भ में वर्णन कीजिए ।

5. How would you construct and standardise an attitude scale by Thurston's method ? How does it differ from that of Lickert ?
थर्स्टन की विधि द्वारा अभिवृत्ति-मापनी की रचना करने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । यह लिकर्ट की विधि से किस प्रकार भिन्न है ?

**OR / अथवा**

**Elective – III**

**Educational Technology**

**विकल्प – III**

**शैक्षिक तकनीकी**

3. Describe how does classroom interaction help to improve teaching – learning. Illustrate with any system : FIACS, MIACS, VICS or OSCAR.
कक्षा में अन्त:क्रिया द्वारा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के सुधार में किस प्रकार सहायता मिलती है ? निम्न में से किसी प्रणाली द्वारा समझाइये : FIACS, MIACS, VICS or OSCAR.

4. What are the barriers of classroom communication noticed at the tertiary level of Education ? What are your suggestions to overcome them ?
शिक्षा के तृतीय स्तर पर कक्षा-कक्षीय संचार में कौन-कौन सी रुकावटें देखने में आती हैं ? उन पर काबू पाने के लिए आप क्या सुझाव देते हैं ?

5. Explain the meaning of multimedia approach in Educational Technology.
शैक्षिक प्रौद्योगिकी के सन्दर्भ में बहुमाध्यमों के अर्थ को स्पष्ट कीजिए ।

**OR / अथवा**

**Elective – IV**

**Special Education**

**विकल्प – IV**

**विशिष्ट शिक्षा**

3. What are the causes for hearing impairment during early childhood ? How do you prevent it ?
प्रारम्भिक बचपन में श्रव्य-बाधा के क्या-क्या कारण हैं ? इसकी रोकथाम किस प्रकार करेंगे ?

4. Discuss the procedure for identifying children with learning disabilities.
अधिगम-बाधिता वाले बच्चों की पहचान करने की विधि का वर्णन कीजिए ।

5. What are the learning characteristics of educable mentally retarded children ? What strategies are helpful in teaching academic skills to them ?
शिक्षणीय मानसिक रूप से पिछड़े बच्चों की अधिगम विशेषतायें क्या हैं ? ऐसे बच्चों का अकादमिक कौशल बढ़ाने के लिए कौन-कौन सी युक्तियों की सहायता ली जाती है ?

**OR / अथवा**

**Elective – V**

**Teacher Education**

**विकल्प – V**

**शिक्षक शिक्षा**

3. "In – service programmes, like Orientation and Refresher courses, provided to College and University Teachers, by Academic Staff Colleges of Universities, intended to upgrade their subject – knowledge, are not producing desirable results." Discuss and suggest ways to make them effective.
"अकादमिक स्टाफ कॉलेजों द्वारा महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के अध्यापकों के विषय से सम्बन्धित ज्ञान में संवर्द्धन के उद्देश्य से जो अभिमुखीकरण एवं पुनश्चर्या पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं, वे अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रहे हैं ।" विवेचना कीजिए एवं इन्हें प्रभावी बनाने हेतु सुझाव दीजिए ।

4. "Performance appraisal of College Teachers should be made a compulsory component of their career advancement criteria." Do you agree ? Substantiate.
"महाविद्यालयी अध्यापकों के उपलब्धि मूल्यांकन को उनके कैरियर प्रगति मानदण्ड का एक अनिवार्य घटक बनाया जाना चाहिए ।" क्या आप इससे सहमत हैं ? तर्क युक्त उत्तर दीजिए ।

5. "Practice Teaching in schools, which is a partial requirement for the B. Ed. Degree course, is a poor show, in the Indian context. It is still worse, in the case of those, who are doing the course in the Distance mode. Better, it can even be done away with, to save the trouble of many." Comment.
"बी.एड. उपाधि पाठ्यक्रम के लिए अभ्यास शिक्षण जो एक आंशिक आवश्यकता है, भारतीय संदर्भ में एक घटिया प्रदर्शन है । यह उनके लिए और भी अधिक खराब है जो दूरस्थ विधा से बी.एड. उपाधि पाठ्यक्रम में अध्ययन कर रहे हैं । अधिकांश लोगों को इस कष्ट से बचाने के लिए अधिक अच्छा होगा कि इसे पाठ्यक्रम से हटा दिया जाए ।" टिप्पणी कीजिए ।

## SECTION – III
## खंड – III

**Note :** This section contains **nine** (**9**) questions numbered **6** to **14**, each to be answered in about **fifty** (**50**) words. Each question carries **ten** (**10**) marks. **(9 × 10 = 90 marks)**

**नोट :** इस खंड में **छः (6)** से **चौदह (14)** क्रमांक तक कुल **नौ (9)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास (50)** शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न के लिए **दस (10)** अंक निर्धारित हैं । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. Enumerate the salient features of Idealism as a school of philosophy. How far these are applicable for determining the aims and contents of education ?
दर्शन के एक सम्प्रदाय के रूप में आदर्शवाद की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । शिक्षा के उद्देश्यों एवं विषयवस्तुओं के निर्धारण में इन्हें किस सीमा तक लागू किया जा सकता है ?

7. In what ways can the status of socially and economically disadvantaged people of the country be improved through education ?

शिक्षा के द्वारा किस प्रकार देश के सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से वंचित लोगों की दशा में सुधार किया जा सकता है ?

8. How does conditioning help in the habit formation among the adolescents ? Explain with the help of examples.

अनुबंधन किस प्रकार किशोरों में आदत निर्माण में सहायक है ? उदाहरणों की सहायता से समझाइए ।

9. Define 'conflict' and its types. Give one example each of three main types of conflict.

'अन्तर्द्वन्द्व' एवं इसके प्रकारों को परिभाषित कीजिए । अन्तर्द्वन्द्व के तीन मुख्य प्रकारों में से प्रत्येक अन्तर्द्वन्द्व के एक-एक उदाहरण दीजिए ।

10. Differentiate between Piaget's concepts of 'assimilation' and 'accommodation' with the help of appropriate examples.

पियाजे के 'आत्मसात्करण' एवं 'समंजन' के सम्प्रत्ययों में उचित उदाहरणों की सहायता से विभेद कीजिए ।

11. What is hypothesis ? Discuss the characteristics of a good hypothesis.

परिकल्पना क्या है ? एक अच्छी परिकल्पना की विशेषताओं की विवेचना कीजिए ।

12. Differentiate between Qualitative and Quantitative research in education with the help of examples.

उदाहरणों की सहायता से शिक्षा में गुणात्मक एवं परिमाणात्मक शोध के मध्य विभेद कीजिए ।

13. Compare the salient features of the Distance Education Systems of India and Australia.

भारत एवं ऑस्ट्रेलिया की दूरस्थ शिक्षा प्रणालियों की प्रमुख विशेषताओं की तुलना कीजिए ।

14. What is meant by an activity-based curriculum ? What are its merits ?

क्रिया-आधारित पाठ्यक्रम से आप क्या समझते हैं ? इसके गुण क्या हैं ?

## SECTION – IV
## खंड – IV

**Note :** This section contains **five (5)** questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about **thirty (30)** words and each carries **(5)** marks.

**(5 × 5 = 25 marks)**

**नोट :** इस खण्ड में दिये गए अनुच्छेद पर आधारित **पाँच (5)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में देना है तथा प्रत्येक प्रश्न के **पाँच (5)** अंक हैं । **(5 × 5 = 25 अंक)**

Free and compulsory education for all children until they complete the age of 14 years was one of the directive principles of State Policy intended to be implemented within ten years of the commencement of the Indian Constitution. Not being justifiable, this directive failed to prod the Indian State into any kind of concrete action. Large sections of two generations grew up, in independent India, with little or no formal education. After 60 years, with the Right of Children to Free and Compulsory Education Act, the entitlement to education has become enforceable. Although it took a long time coming, the Act is noteworthy on several counts. It offers a framework for ensuring quality education, for creating infrastructure, for making available a sufficient number of trained teachers, and for extending Government funding for private schools. The Central and State Governments are to share the financial burden for implementing the Act in the ratio of 55 : 45, but if the Act is to achieve its stated objectives of ensuring a fixed student-teacher ratio, neighbourhood schools of specified quality for every child, and training for teachers to a national norm, funding seems to be grossly inadequate.

It will not be enough to approach free and compulsory education upto the age of 14 as an entitlement, especially, for the millions of children who are left out in the cold. Accessing this right meaningfully and in full measure will require, aside from the investment of huge resources, financial and human, a lot of work to be done on the ground. Key to this is seeing free and compulsory education for children not just as a right-but as a duty. It is the duty of the State, parents and guardians, and the community to ensure that all children of school going age are in school. Ending the morally and socially abhorrent practice of child labour, not regulating it, must be taken up as a non-negotiable objective.

चौदह वर्ष तक की उम्र के बच्चों को नि:शुल्क तथा आवश्यक शिक्षा देना भारतीय संविधान के निर्देशक सिद्धान्तों में निहित है, जिसे संविधान लागू होने के दस वर्ष के अन्दर कार्यान्वित करना था । यह निर्देशक सिद्धान्त भारत सरकार को किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही करने के लिए प्रेरित नहीं कर सका, जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता । स्वतन्त्र भारत में दो पीढ़ियों के बड़े वर्गों को बिना किसी प्रकार की औपचारिक शिक्षा के ही बड़ा होना पड़ा । शिक्षा के अधिकार से सम्बन्धित अधिनियम के साथ, साठ वर्ष बाद, अब नि:शुल्क तथा आवश्यक शिक्षा के अधिकार को लागू किया जा सकता है । यद्यपि इसके आने में लम्बा समय लगा, यह अधिनियम कई पहलुओं से उल्लेखनीय है । यह अधिनियम, गुणात्मक शिक्षा देने, मूलभूत ढाँचा तैयार करने, समुचित मात्रा में प्रशिक्षित अध्यापकों की नियुक्ति करने तथा निजी विद्यालयों को सरकारी अनुदान देने आदि से सम्बन्धित रूपरेखा

प्रदान करता है । केन्द्रीय तथा राज्य सरकारें इस अधिनियम के कार्यान्वयन में होने वाले व्यय को 55 : 45 के अनुपात में वहन करेंगी, किन्तु यदि अधिनियम को निश्चित अध्यापक-छात्र अनुपात, निर्धारित गुणवत्ता वाले पड़ोस के विद्यालय, राष्ट्रीय मानकों के अनुसार अध्यापक प्रशिक्षण तथा आर्थिक अनुदान से सम्बन्धित अपने निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करना है तो इसके लिए धन की उपलब्धि पर्याप्त नहीं दिखाई दे रही ।

चौदह वर्ष के उम्र तक के उन बच्चों को, जो करोड़ों की संख्या में हैं, और पीछे छूट गये हैं, नि:शुल्क तथा आवश्यक शिक्षा के लिए केवल अधिकृत कर देना ही काफी नहीं है । सही अर्थ में इस अधिकार को दिलाने के लिए, अधिक संसाधनों के अलावा आर्थिक तथा मानवीय, जमीनी स्तर पर बहुत कार्य करना है । इसके लिए मुख्य है नि:शुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा को अधिकार के साथ-साथ कर्त्तव्य के रूप में देखना । राज्य, माता-पिता तथा अभिभावकों तथा समुदाय का कर्त्तव्य है कि ये देखें कि विद्यालय जाने की उम्र के सभी बच्चे विद्यालयों में हों । सामाजिक तथा नैतिक रूप से घृणित बाल श्रम प्रथा को नियमित करने की बजाय समाप्त करना है, साथ ही इस उद्देश्य पर कोई समझौता न किया जाये ।

15. What is constitutional provision in India for elementary education for children aged 6-14 years ?
छ: से चौदह वर्ष के बच्चों की प्राथमिक शिक्षा के लिए भारतीय संविधान में क्या व्यवस्था है ?

16. What are the salient features of Right to Education Act of 2010 ?
सन 2010 के 'शिक्षा का अधिकार' अधिनियम की क्या विशेषताएँ हैं ?

17. What are the issues involved in the financing of implementation of Right to Education Act ?

शिक्षा के अधिकार से सम्बन्धित अधिनियम को लागू करने में कौन-कौन से आर्थिक मुद्दे हैं ?

18. What are the essential measures to be taken for ensuring free and compulsory education for all children ?

सभी बच्चों को नि:शुल्क तथा आवश्यक शिक्षा देने के लिए कौन-कौन से मुख्य उपाय किये जा सकते हैं ?

19. How can the problem of child labour be dealt with in this context ?

इस सन्दर्भ में बाल श्रम की समस्या से किस प्रकार निपटा जा सकता है ?

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |
| 20 | |
| 21 | |
| 22 | |
| 23 | |
| 24 | |
| 25 | |
| 26 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ..........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................